licence for manufacturing Poly Vinyle Chloride (PVC);

(b) if so, what is the present status of the application; and

(c) by when the licence is likely to be issued to the Corporation?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI S P MALAVIYA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Decisions on such applications are taken on techno economic considerations after evaluation of the project proposals.

मानसिक चिकित्सालय, शाहदरा की हालत

1287. **श्री बलराम सिंह यादव :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :
श्री सुरेश कलमाडी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि माननीय मंत्री महोदय ने 20 दिसम्बर, 1990 को शाहदरा के मानसिक चिकित्सालय के अपने निरीक्षण के दौरान उस अस्पताल मे व्याप्त भयानक दशा देखी ;

(ख) यदि हा, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) अस्पताल मे कमियो और अनियमितताओ के लिए उत्तरदायी अधिकारियो के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है ; और

(घ) सरकार ने अस्पताल के निरीह रोगियो को राहत पहुंचाने और उनके आस-पास की स्थिति मे सुधार करने के लिए क्या उपाय किये है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री शकीलुर रहमान) : (क) से (घ) जी, हा । विभिन्न क्षेत्रो जैसे सफाई व्यवस्था, जल पूर्ति, बिजली, स्नानगृहो और शौचालयो की सफाई तथा अय प्रकार की सामान्य सफाई, जरूरी दवाइयों की व्यवस्था आदि मे सुधार तथा परिवतन करने पर बल दिया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के विशेषज्ञ ग्रेड-I एक अधिकारी को चिकित्सा अधिकारी के रूप मे तैनात किया जा रहा है। दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और एक प्रशासन अधिकारी तैनात कर दिए गए है । अस्पताल मे पहले से मौजूद 16 जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियो के अलावा नौ और जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध करा दिए गए हैं । इसके अलावा, सीनियर रेज़िडेटो के नए पद बनाने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी है । दिल्ली प्रशासन को इस मामले मे अनुवर्ती कार्यवाही करने के लिए अनुरोध किया गया है ।

केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् के कर्मचारियों की सेवा शर्तें

1288. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री बलराम सिंह यादव :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा-शर्तें केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के समान है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि हाल ही मे सरकार को ऐसे अनेक पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें परिषद् के कर्मचारियों की तैनाती और पदोन्नति के संबंध मे सेवा शर्तों को लागू नहीं किये जाने का आरोप लगाया गया है ; और

(ग) क्या सरकार ने इस मामले मे कोई जाच की है ; यदि हां, तो उसके निष्कर्ष क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (प्रो० शकीलुर रहमान) :(क) सेवा की सामान्य शर्तों, भत्तो अथवा यात्रा भत्ते, दैनिक भत्ते, विदेश सेवा शर्तों; भारत और

विदेश आदि में प्रतिनियुक्ति इत्यादि और समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किए गए जो आदेश और निर्णय केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो पर लागू होते हैं, वे नियम केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् के समान्य विनियमो के सदर्भ में केन्दीय परिषद द्वारा बनाए गए स्थायी आदेशो में विशेष रूप से जिन मामलों की व्यवस्था नही की गई है उनके सँबंध में केन्द्रीय परिषद् के कर्मचारियो पर यथोचित परिवर्तनो सहित लागू होंगे ।

(ख) केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् में अनियमितताओं के बारे मे इस मंत्रालय मे एक ज्ञापन राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा, नई दिल्ली से प्राप्त हुआ है ।

(ग) इस ज्ञापन मे निहित आरोपों के बारे में पैदावार टिप्पणियों केन्द्रीय परिषद् से मांगी गई है, जिनकी अभी प्रतीक्षा है ।

इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा की गई क्षतिपूर्ति

1289. **श्री बलराम सिंह यादव :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या पेट्रोलियय और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 24 दिसम्बर, 1990 के "फाइनेनशियल एक्सप्रैस" मे "इंडियन आयल कारपोरेशन पेस 4 मिलियन डालर इन डेमेजस" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा अमरीका की कंपनी का निर्धारित राशि का भुगतान कर दिया गया है ;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले मे इंडियन आयल कारपोरेशन के लापरवाही पूर्ण रवैये के बारे मे कोई जांच की है; और

(घ) यदि हां, तो जांच के निष्कर्ष क्या है और क्या इसके लिए उत्तरदायी लोगों के विरूद्ध कोई कार्रवाई की गई है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय): (क) और (ख) सरकार ने न्यायालय से बाहर समझौते के लिए इंडियन आयल-कारपोरेशन द्वारा मैसर्स कोस्टल को पूर्ण और अतिम भुगतन के रूप मे 4 मिलियन अमेरिकी डालर के भुगतान को अनुमोदित कर दिया है । यू० के० मे स्थित बैंक से इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा किए गए भुगतान के वितरण की प्रतीक्षा की जा रही है ।

(ग) और (घ) इस मामले में विशेष रूप से उत्तरदायी अधिकारी इंडियन आयल कारपोरेशन की नौकरी में नहीं है और अत उनके खिलाफ कोई अनुशासनिक कार्रवाई नही की जा सकती है । उस मामले मे प्रथमदृष्ट्या कोई अपराध भी स्पष्ट नहीं होता है ।

कच्चे तेल के उत्पादन की स्थापित क्षमता का उपयोग

1290. **श्री जलराम सिंह यादव :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्तूबर, 1990 की स्थिति के अनुसार देश मे कच्चे तेल का स्थापित उत्पादन और शोधन क्षमता कितनी थी ;

(ख) क्या देश में उत्पादित संपूर्ण कच्चे तेल का शोधन करने का आधार भूत ढांचा है ; और

(ग) यदि नही, तो अक्तूबर, 1990 की स्थिति के अनुसार शोधन क्षमता क्या थी और उत्पादित शेष कच्चा तेल किन देशों को भेजा जाता है और किन शर्तों पर भेजा जाता है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) दिनांक 1-4-1990 से देश मे स्थापित परिशोधन क्षमता 51.85